जम्मू नगर निगम

टाउन हाल, जम्मू
www.jmcjammu.org

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि जम्मू नगर निगम भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) परियोजना के तहत जम्मू की नगर सीमा के भीतर आने वाली सभी आवासीय और वाणिज्यिक संपतियों के पते को डिजिटल करने का बिचार रखता है।

यह परियोजना जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड (जेएससीएल) द्वारा जम्मू नगर निगम (जेएमसी) के सहयोग से की जा रही है। इस परियोजना के तहत जेएमसी सीमा के भीतर सभी संपतियों को जीआईएस में जियो-टैग किया जाएगा और प्रत्येक संपत्ति के लिए एक विशिष्ट संपति पहचान संख्या के साथ एक क्यूआर (QR Code) कोड आधारित डिजिटल पता / नंबर प्लेट आवंटित किया जाएगा। डिजिटल संपत्ति/हाउस नंबर के प्रावधान के अलावा, संपत्ति रिकॉर्ड के डिज़िटाइज़ेशन से पारदर्शी संपत्ति रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा।

शहर के सभी नगर निगम वार्डों में जल्द ही संपत्तियों का डोर टू डोर सर्वे शुरू किया जाएगा जिसमें अधिकारियों की टीम सर्वेक्षण और डेटा संग्रह के लिए जेएमसी सीमा के भीतर सभी परिसरों का दौरा करेगी। इस अभ्यास की सफलता निवासियों/संपत्ति मालिकों और उनके संबंधित नगरपालिका प्रतिनिधियों/माननीय पार्षदों के सहयोग पर निर्भर करती है।

इस संबंध में, जम्मू नगर निगम और जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने सभी निवासियों और संपत्ति मालिकों से अपील की है कि वे तहे दिल से सहयोग करें और आने वाले अधिकारियों के साथ आवश्यक जानकारी साझा करें। आने वाले अधिकारियों के पास जम्मू नगर निगम/जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जारी वैध पहचान पत्र होना चाहिए। निवासी/संपत्ति मालिक, कोई भी जानकारी साझा करने से पहले अपने परिसर में आने वाली टीम की प्रामाणिकता की पुष्टि कर लें। टीम के सदस्यों की प्रामाणिकता का पता जम्मू नगर निगम और जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड की वेबसाइट के माध्यम से भी लगाया जा सकता है।

No:- Jmc/Est/2657
Dt: 23.6.22

राहुल यादव (आईएएस),
आयुक्त,
नगर निगम जम्मू